Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **डीग में प्रवीण कुमार पटवारी पटवार हल्का सौमका तहसील पहाड़ी जिला डीग 30,000/– रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।**

जयपुर, 27 मई, मंगलवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी धौलपुर द्वारा आज कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री प्रवीण कुमार पटवारी, पटवार हल्का सौमका तहसील पहाड़ी जिला डीग **30,000/– रूपये** रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा** ने बताया कि एसीबी चौकी धौलपुर को दिनांक 22.05.2025 को एक शिकायत इस आशय कि मिली कि परिवादी के जमीन की पैमाइस किये जाने की एवज में 40,000/– रूपये मांग करके परेशान कर रहा है इस पर रिश्वत मांग का गोपनीय सत्यापन कराया गया सत्यापन के दौरान परिवादी के निवेदन करने पर आरोपी 35,000/– रूपये रिश्वत लेने पर सहमत हुआ।

जिस पर एसीबी रेंज भरपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेश सिंह** के सुपरविजन में एसीबी चौकी धौलपुर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र सिंह** के नेतृत्व में ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री प्रवीण कुमार पटवारी, पटवार हल्का सौमका तहसील पहाड़ी जिला डीग को 30,000/– रूपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। 30,000/– रूपये रिश्वत राशि बरामद हो चुकी है।

आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।